पत्रांक–03/NULM-02-02/2026 /न०वि०एवंआ०वि०

बिहार सरकार
नगर विकास एवं आवास विभाग

प्रेषक,

राजीव शंकर,
सरकार के संयुक्त सचिव।

सेवा में,

महालेखाकार (ले० एवं ह०),
बिहार, पटना।

***द्वारा–आन्तरिक वित्तीय सलाहकार**

पटना, दिनांक–

विषयः– दीनदयाल अन्त्योदय योजना–राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (DAY-NULM) योजना अंतर्गत आश्रय विहीन हेतु आश्रय स्थल राशि रू0 2,23,01,400 लाख (दो करोड़ तेईस लाख एक हजार चार सौ रू0 मात्र) का वित्तीय वर्ष 2026–27 में सहायक अनुदान के रूप में राशि की स्वीकृति।

आदेशः–स्वीकृत।

आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 23 सितम्बर 2013 से स्वर्ण जयंती शहरी रोजगार योजना के स्थान पर दीनदयाल अन्त्योदय योजना–राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (DAY-NULM) योजना प्रारंभ किया गया था। इस योजना का उद्देश्य सभी शहरी गरीबों को आयजनक गतिविधियों से जोड़ना, सशक्त संस्थानों में संगठित करना, कौशल विकास के अवसर प्रदान करना एवं आधारभूत संरचनाओं का विकास करना था। जिसके आलोक में राज्य के 73 नगर निकायों में 112 आश्रयस्थलों का संचालन क्षेत्र स्तरीय संगठनों **(ALO)** के साथ एकरारनामा कर कराया जा रहा है।

आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार के मार्गदर्शिका के अनुरूप सभी संचालित आश्रय स्थल के प्रचालन एवं संचालन (Operation & maintenance) के लिए प्रथम पाँच वर्ष तक DAY-NULM योजनान्तर्गत केन्द्रांश 60:40 राज्यांश के अनुपात में राशि को व्यवहृत किया जाना है। वर्त्तमान में 43 नगर निकायों में 76 आश्रयस्थल जिनका संचालन करते हुए 5 वर्ष पूर्ण हो गया है के प्रचालन एवं संचालन हेतु राशि का प्रबंध नगर निकाय के स्वयं के संसाधन/**CSR/NGO**/राज्य मद आदि से किया जाना है। वर्तमान में नगर निकायों के वित्तीय स्थिति को देखते हुए उक्त प्रचालन एवं संचालन मद की राशि का व्यय राज्य योजना मद से किया जाना है।

2. तदालोक में 26 नगर निकायों द्वारा अधियाचित राशि के आलोक में संचालित आश्रयस्थलों के रख–रखाव हेतु राशि **रू0 2,23,01,400 लाख (दो करोड़ तेईस लाख एक हजार चार सौ रू0 मात्र)** की सहायक अनुदान के रूप में व्यय की स्वीकृति निम्नवत् प्रदान की जाती है, जो द्वितीय अनुपूरक आगणन से प्राप्त हुआ है।

क्र0सं0	नगर निकाय का नाम	PL खाता सं0	HOA खाता सं0	विभागीय संकल्प सं0–7652 दिनांक–10.07.2025 के स्वीकृति के अनुरूप आश्रय स्थल के प्रचालन एवं प्रबंधन हेतु अप्रैल, 2025 से मार्च, 2026 तक आवंटन की जाने वाली कुल राशि रू0 में।
1	नगर निगम, पटना	PTCPLA021	00-8448-00-102-0001-00-01	1011000

क्र0सं0	नगर निकाय का नाम	PL खाता सं0	HOA खाता सं0	विभागीय संकल्प सं0–7652 दिनांक–10.07.2025 के स्वीकृति के अनुरूप आश्रय स्थल के प्रचालन एवं प्रबंधन हेतु अप्रैल, 2025 से मार्च, 2026 तक आवंटन की जाने वाली कुल राशि रू0 में।
2	नगर निगम, कटिहार	KTRPLA007	00-8448-00-102-0001-00-01	1105200
3	नगर निगम, मोतिहारी	ECHPLA016	00-8448-00-102-0001-00-01	552600
4	नगर निगम, मुंगेर	MGRPLA011	00-8448-00-102-0001-00-01	1355850
5	नगर निगम, मुजफ्फरपुर	MUZPLA015	00-8448-00-102-0001-00-01	5063400
6	नगर निगम, पूर्णियाँ	PRNPLA012	00-8448-00-102-0001-00-01	1285200
7	नगर निगम, सहरसा	SAHPLA010	00-8448-00-102-0001-00-01	642600
8	नगर निगम, सासाराम	RTSPLA010	00-8448-00-102-0001-00-01	642600
9	नगर निगम, छपरा	SRNPLA003	00-8448-00-102-0001-00-01	642600
10	नगर निगम, आरा	BJRPLA006	00-8448-00-102-0001-00-01	1657800
11	नगर पंचायत, अमरपुर	BNKPLA004	00-8448-00-102-0003-00-01	642600
12	नगर परिषद, खगड़िया	KGRPLA006	00-8448-00-102-0002-00-01	642600
13	नगर परिषद, बक्सर	BXRPLA006	00-8448-00-102-0002-00-01	642600
14	नगर परिषद, बांका	BNKPLA005	00-8448-00-102-0002-00-01	642600
15	नगर परिषद, किशनगंज	KSJPLA003	00-8448-00-102-0002-00-01	642600
16	नगर परिषद, शिवहर	SHRPLA005	00-8448-00-102-0002-00-01	160650
17	नगर परिषद, भभुआ	BBWPLA007	00-8448-00-102-0002-00-01	642600
18	नगर परिषद, सुलतानगंज	BGPPLA014	00-8448-00-102-0002-00-01	642600
19	नगर परिषद, झाझा	JMIPLA006	00-8448-00-102-0002-00-01	642600
20	नगर परिषद, नवादा	NWDPLA006	00-8448-00-102-0002-00-01	642600
21	नगर परिषद, नवगछिया	NAUPLA002	00-8448-00-102-0002-00-01	642600
22	नगर परिषद, गोपालगंज	GLJPLA008	00-8448-00-102-0002-00-01	160650
23	नगर परिषद, गोगरी जमालपुर	KGRPLA004	00-8448-00-102-0002-00-01	160650
24	नगर परिषद, लखीसराय	LKSPLA006	00-8448-00-102-0002-00-01	642600
25	नगर परिषद, हिलसा	HILPLA004	00-8448-00-102-0002-00-01	149400
26	नगर निगम, समस्तीपुर	STRPLA006	00-8448-00-102-0001-00-01	642600
			कुल राशि	**2,23,01,400**

3. उक्त स्वीकृत राशि **रू0 2,23,01,400 लाख (दो करोड़ तेईस लाख एक हजार चार सौ रू0 मात्र)** की अवर सचिव–सह–निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार, पटना होंगे, जिनके द्वारा वित्तीय वर्ष 2026–27 में वित्त विभाग के परिपत्र सं0–2561 दिनांक–17.04.98 एवं पत्रांक–236 दिनांक–09.03.2026 में निहित अनुदेशों के आलोक में की जाएगी। अवर सचिव–सह–निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार, पटना द्वारा राशि विभिन्न नगर निकायों को उनके PL खाता में CFMS के माध्यम से हस्तांतरित की जायेगी।

4. स्वीकृत राशि **रू0 2,23,01,400 लाख (दो करोड़ तेईस लाख एक हजार चार सौ रू0 मात्र)** की निकासी मांग संख्या– 48 मुख्यशीर्ष–3475– अन्य सामान्य आर्थिक सेवायें –उप मुख्यशीर्ष–00–लघुशीर्ष–108–शहरोन्मुखी रोजगार कार्यक्रम, उप शीर्ष– 0102– राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन, विपत्र कोड–48-3475001080102, PFMS कोड–2000–विषय शीर्ष–31–सहायता अनुदान, 0102.31.06–सहायक अनुदान गैर वेतनादि में वित्तीय वर्ष 2026–27 में उपबंधित राशि से विकलनीय होगी।

5. **राशि की निकासी किसी भी स्थिति में ए0सी0 विपत्र पर नहीं किया जायेगा।** चूंकि यह राशि शहरी स्थानीय निकायों को अनुदान है इसलिए राशि की निकासी BTC फॉर्म 42 पर किया जायेगा। राशि की निकासी करते समय विपत्र पर विपत्र कोड अनिवार्य रूप से अंकित किया जायेगा। राशि की निकासी के

लिए CFMS के माध्यम से आवंटनादेश निर्गत किया जायेगा। स्वीकृत राशि का उपयोगिता प्रमाण–पत्र प्राप्त होने पर सभी संबंधित को उपलब्ध कराया जायेगा।

6. भारतीय अंकेक्षण एवं लेखा विभाग को पुस्तकों एवं रजिस्टरों को देखने एवं जांच पड़ताल करने का अधिकार होगा।

7. उक्त राशि के व्यय की स्वीकृति राज्य मंत्रिपरिषद् की बैठक दिनांक–24.06.2025 के मद संख्या–11 के रूप में प्राप्त है।

8. योजना का कार्यान्वयन विभागीय संकल्प संख्या–7652 दिनांक–10.07.2025 के आलोक में किया जायेगा।

9. राशि का व्यय DAY-NULM शहरों में राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के विभिन्न घटकों के कार्यान्वयन पर किया जायेगा।

10. प्रस्ताव में सक्षम प्राधिकार, प्रधान सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग का अनुमोदन संचिका के पृ0 सं0–167/टि० पर दिनांक–30.10.2026 को प्राप्त है।

11. प्रस्ताव में आंतरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति संचिका के पृ0 सं0–164/टि० पर दिनांक–01.10.2026 को प्राप्त है।

बिहार राज्यपाल के आदेश से,

ह0/–
सरकार के संयुक्त सचिव,
नगर विकास एवं आवास विभाग।

ज्ञापांकः–03/NULM-02-02/2026– 235 / न० वि० एवं आ० वि०, पटना, दिनांकः 06/11/26

प्रतिलिपिः–वित्त विभाग (बजट शाखा)/कोषागार पदाधिकारी, सचिवालय कोषागार, विकास भवन, पटना/स्थानीय लेखा परीक्षक, बिहार, पटना/अवर सचिव–सह–निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी/परियोजना पदाधिकारी–सह–उप निदेशक/लेखापाल/बजट शाखा–02/प्रधान सचिव के प्रधान आप्त सचिव/माननीय मंत्री, के आप्त सचिव/सभी संबंधित नगर निकाय/आई0टी0 प्रबंधक, नगर विकास एवं आवास विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

सरकार के संयुक्त सचिव।